प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 मंगलवार** **दिनांक 14.05.2024**

**मुख्य समाचारः—**

1— बीजापुर जिले में आज तीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण—इनमें नौ इनामी माओवादी भी शामिल।

2— रायपुर पुलिस ने ड्रग्स की सप्लाई करने के आरोप में पांच तस्करों को किया गिरफ्तार।

3— स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलों में गर्मी की छुट्टियों के दौरान विद्यार्थियों के लिए समर कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए।

4— मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में कल एक—दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज—चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई।

**विस्तार से .....**

**माओवादी आत्मसमर्पण**

बीजापुर जिले में आज तीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से नौ माओवादियों पर उनतालीस लाख रुपये का इनाम घोषित था। राज्य सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इन माओवादियों ने सीआरपीएफ के डीआईजी और पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

गौरतलब है कि इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक बीजापुर जिले में एक सौ अस्सी माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, छिहत्तर माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

वहीं, इसी जिले के बोड़गा गांव के एक खेत में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुःख प्रकट किया है।

**कांग्रेस नेता–हत्या**

नारायणपुर जिले के परिवहन संघ के सचिव और कांग्रेस नेता विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह घटना कल रात की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार विक्रम बैस बखरूपारा स्थित अपने घर के बाहर टहलने के लिए निकले थे। इसी बीच, कुछ हमलावर बाइक से वहां पहुंचे और उन्होंने लगातार उन पर तीन गोलियां दागीं, जिससे मौके पर ही विक्रम बैस की मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी वहां से भाग निकले। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना सिटी कोतवाली क्षेत्र की है।

**माओवादी मुठभेड़–कांग्रेस**

कांग्रेस ने बीजापुर जिले के पीड़िया इलाके में बीते शुक्रवार को पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ को फर्जी बताया है। कांग्रेस ने इस मुठभेड़ की जांच के लिए आठ सदस्यीय जांच दल गठित किया है। इस दल में चार विधायक और चार पूर्व विधायक शामिल हैं। इस दल का नेतृत्व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम करेंगे।

गौरतलब है कि इस इलाके में बीते शुक्रवार को पुलिस द्वारा माओवादियों से मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में बारह माओवादियों की मौत हो गई थी। शनिवार को बीजापुर मुख्यालय में इन माओवादियों के शवों को लाया गया। जब मारे गए लोगों के शव लेने उनके परिजन बीजापुर पहुंचे तो उन्होंने मृतकों के माओवादी होने की संभावना से इंकार कर दिया।

**ड्रग्स तस्कर–गिरफ्तार**

रायपुर की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने 'निजात अभियान' के तहत ड्रग्स की सप्लाई करने के आरोप में पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक युवती भी शमिल हैं। ये लोग दिल्ली से ड्रग्स लेकर रायपुर आए थे और यहां सप्लाई कर रहे थे। खम्हारडीह पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक और युवती ड्रग्स का सेवन कर रहे हैं, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके आधार पर दिल्ली के चार युवकों और एक युवती को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से छह हजार छह सौ मिलीग्राम कोकीन, इक्कीस सौ मिलीग्राम एम.डी.एम.ए. और एक कार भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार ये आरोपी शहर में होने वाली क्लब और पब की पार्टी में शामिल होकर ड्रग्स की सप्लाई करते थे।

वहीं, रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में पुलिस ने तीन अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब बाईस किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग साढ़े चार लाख रूपये आंकी गई हैं। आरोपियों के पास से दो दोपहिया वाहन और चार मोबाइल बरामद किया गया है। ये आरोपी मध्यप्रदेश के मंडला जिले के निवासी बताए जा रहे हैं।

वहीं, बिलासपुर के सरकंडा इलाके से पुलिस ने एक युवक और दो नाबालिगों को प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस `ने उनके पास से करीब तीन सौ पचहत्तर प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन जब्त किए हैं। इन आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**<u>हाईकोर्ट–ग्रीष्मकालीन अवकाश</u>**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में कल से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के प्रथम दिन मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने अपने न्यायालय में सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई की। साथ ही ज्यूडिशियल शाखाओं में चल रहे प्रकरणों के सत्यापन कार्य का भी निरीक्षण किया।

## पीआईबी–आपराधिक कानून

देशभर में एक जुलाई से प्रभावी होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर आज राजधानी रायपुर में 'वार्तालाप' के नाम से एक कार्यशाला आयोजित की गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय और पत्र सूचना कार्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला ने कहा कि नये कानून जनता के हित को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन कानूनों का मकसद सजा देने के बजाय न्याय देना है। नये कानूनों में सूचना प्रौद्योगिकी के साथ ही फॉरेंसिक लैब की स्थापना पर भी बल दिया गया है।

कार्यशाला के दौरान पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के उपनिदेशक अभियोजन अवनिश चौरसिया ने बताया कि नए कानूनों में राजद्रोह कानून को निरस्त कर देशद्रोह को परिभाषित किया गया है। साथ ही इसमें आतंकवाद को परिभाषित करते हुए इसके प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को मजबूत किया गया है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी के सहायक जिला अभियोजन अधिकारी शुभम तोमर ने बताया कि इन कानूनों के लागू होने के बाद एफआईआर से अदालत के निर्णय तक की प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी और आम जनता को न्याय सरल, सुलभ और समयबद्ध तरीके से प्राप्त होगा।

इस कार्यशाला में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया के लीगल तथा क्राइम बीट कवर करने वाले संवाददाता शामिल हुए।

**समर कैम्प**

स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलों में गर्मी की छुट्टियों के दौरान विद्यार्थियों के लिए समर कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस कैंप में बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिध्दार्थ कोमल सिंह परदेशी ने सभी जिलों के कलेक्टरों को जारी निर्देश में कहा है कि पंद्रह जून तक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इस दौरान छात्र–छात्राओं के लिए स्कूलों में अथवा गांव–शहर के सामुदायिक भवनों में समर कैंप का आयोजन किया जाए। इस कैम्प में चित्रकला, गायन, वादन, निबंध, कहानी–लेखन, हस्तलिपि–लेखन, नृत्य, खेलकूद के साथ ही अपने गांव–शहर का ऐतिहासिक परिचय जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएं।

**मधुमक्खी हमला**

खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के ठाकुरटोला के जंगलों के बीच स्थित मंडीप खोल गुफा कल श्रद्धालुओं के लिए खोली गई। गुफा के अंदर शिवलिंग की पूजा–अर्चना करने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। गुफा के पहुंच मार्ग पर कुछ लोगों ने मधुमक्खी के छाते पर पत्थर मार दिया, जिसके बाद मधुमक्खियों ने दर्शनार्थियों पर हमला कर दिया। इस हमले में करीब बारह लोग घायल हो गए हैं। इससे वहां पर कुछ देर भगदड़ की स्थिति बन गई।

गौरतलब है कि मंडीप खोल गुफा वर्ष में एक बार अक्षय तृतीया के बाद पड़ने वाले पहले सोमवार को खोली जाती है।

**मोहला/मानपुर–नया कैम्प**

मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में पुलिस द्वारा नक्सल उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ग्राम संबलपुर में नवीन कैंप की स्थापना की गई है। इस अवसर पर आईटीबीपी के आईजी संजीव रैना और पुलिस अधिकारियों ने ग्राम बुकमरका और संबलपुर के ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उन्हें उचित समाधान का आश्वासन दिया।

**रायपुर कलेक्टर–बैठक**

रायपुर जिले में पोस्टमार्टम की ऑनलाइन निगरानी करने की व्यवस्था की जा रही है। इससे न सिर्फ पोस्टमार्टम जल्द होगा, बल्कि उसकी रिपोर्ट भी शीघ्रता से प्राप्त हो सकेगी। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने आज इस संबंध में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर एम्स हॉस्पिटल में पुलिस चौकी खोलने का निर्णय भी लिया गया।

**कर्मचारी लापरवाही–कार्रवाई**

खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत निर्वाचन कार्य में अनुपस्थित रहने पर जिला प्रशासन ने एक शिक्षक को निलंबित कर दिया है। वहीं, चार शिक्षकों को निलंबित करने का प्रस्ताव संचालनालय शिक्षा विभाग रायपुर को भेजा गया है। इसके अलावा तीन कर्मचारियों की वेतन–वृद्धि रोकने और आठ कर्मचारियों को चेतावनी भी जारी की गई है।

**मौसम**

**मौसम का हाल–**

बंगाल की खाड़ी में मानसूनी हलचल शुरू हो गई है। मानसून के उन्नीस मई के आसपास अंडमान और निकोबार द्वीप तक पहुंचने की संभावना है।

इस बीच, मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में कल यानी पंद्रह मई को एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम विदर्भ के ऊपर एक चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है। इसके असर से एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के अधिकतम तापमान में एक बार फिर बढ़ोत्तरी हो सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

**संक्षेप में–**

– भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने शोक जताया है।

– कोरबा जिले के पाली में पुटा गांव के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, एक अन्य व्यक्ति की हालत गंभीर बताई गई है, जिसे बिलासपुर के सिम्स रेफर कर दिया गया है।

– जांजगीर–चांपा के जिला रोजगार कार्यालय में सत्रह मई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।